रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/93 REGD. NO. D.L.-33004/93

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 262] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 6, 1993/श्रावण 15, 1915
No. 262] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 6, 1993/SRAVANA 15, 1915

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली; 6 अगस्त, 1993

सा.का.नि. 533 (अ). —कीटनाशी नियम, 1971 का और संशोधन करने के लिए प्रारूप नियम, कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 की अपेक्षानुसार भारत सरकार के कृषि मंत्रालय, कृषि और सहकारिता विभाग की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 915 (अ) तारीख 7 दिसम्बर, 1992 के अधीन भारत के राजपत्र, भाग 2, खंड 3, उपखंड (i), तारीख 7 दिसम्बर, 1992 में प्रकाशित किए गए थे जिसमें उन सभी व्यक्तियों से जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी उस तारीख से, जिसको भारत के राजपत्र में प्रकाशित उक्त अधिसूचना की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, पैंतालीस दिन के अवसान के पूर्व आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां 26-2-93 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और उक्त प्रारूप के संबंध में जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार ने विचार कर लिया है।

अतः केंद्रीय सरकार, कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) की धारा 36 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड से परामर्श करने के पश्चात्, कीटनाशी नियम 1971 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कीटनाशी (संशोधन) नियम, 1993 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. कीटनाशी नियम, 1971 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के नियम 2 में,

(I) विद्यमान खंड (क) के पश्चात् निम्नलिखित खंड (ग) अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

(ग) "अवसान की तारीख" से वह तारीख अभिप्रेत है जो किसी आधान लेबल या आवरक पर "अवसान की तारीख" वाले स्तम्भ के सामने उल्लिखित है;

(II) इस प्रकार अन्तःस्थापित खण्ड (ग) के पश्चात् खण्ड (घ) और (ङ) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखे जायेंगे, अर्थात् :—

(घ) "प्ररूप" से, पहली अनुसूची में उपवर्णित प्ररूप अभिप्रेत है,

(ङ) "प्रयोगशाला" से केन्द्रीय कीटनाशी प्रयोगशाला अभिप्रेत है;

(III) खण्ड (ज) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखे जायेंगे, अर्थात् :—

(ज) "नाशकजीव" से कोई कीट, कृंतक, कवक, घास-पात और अन्य प्रकार की ऐसी वनस्पति या जन्तु अभिप्रेत है; जो मानव के लिए उपयोगी नहीं है;

(IV) इस प्रकार रखे गये खण्ड (ज) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जायेगा अर्थात् ;

(झ) "प्राथमिक पैकेज" से वह निकटस्थ पैकेज अभिप्रेत है जिसमें कीटनाशी है—

(ञ) "प्रधान" से कीटनाशी का यथा स्थिति, आयातकर्ता या विनिर्माता अभिप्रेत है;

(ट) "रजिस्ट्रीकरण" के अन्तर्गत अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण भी है;

(ठ) "ग्रामीण क्षेत्र" से ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है जो किसी नगर निगम या नगरपालिका समिति या किसी अधिसूचित क्षेत्र समिति या छावनी की सीमाओं के बाहर आता है;

(ड) "अनुसूची" से ऐसी अनुसूची अभिप्रेत है जो इन नियमों से उपाबद्ध है;

(ढ) "दूसरा पैकेज" से ऐसा पैकेज अभिप्रेत है जो न तो प्राथमिक पैकेज है और न ही परिवहन पैकेज है;

(ण) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(त) "परीक्षण सुविधा" से ऐसी संक्रिया एकक अभिप्रेत है जहां ऐसे कीटनाशी को जिसके रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किया गया है, उत्पाद क्वालिटी या सुरक्षा पर या प्रभावकारिता पर या उसके भंडारण में अवशिष्ट पर या उसकी स्थिरता पर आंकड़े प्रस्तुत करने के संबंध में प्रयोगात्मक अध्ययन किए जा रहे हैं या किए गए हैं ;

(थ) "परिवहन पैकेज" से कीटनाशी के परिवहन के लिए उपयोग में लाए जाने वाले बाह्यतम पैकेज अभिप्रेत है ।

3. उक्त नियमों के नियम "6" में,

(i) उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा अर्थात् :—

"(1) (क) अधिनियम के अधीन कीटनाशी के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन प्रारूप 1 में किया जाएगा और उक्त प्ररूप जिसके अन्तर्गत सत्यापन वाला अंश भी है, किसी व्यक्ति की दशा में स्वयं व्यक्ति या उसके द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा, हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब की दशा में, कर्ता या उसके द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा; भागीदारी फर्म की दशा में प्रबंध भागीदार द्वारा; कम्पनी की दशा में उस निमित्त निदेशक बोर्ड द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा, और किसी अन्य दशा में, कारबार के संचालन के भारसाधक या उसके लिए उत्तरदायी किसी व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होगा। यथास्थिति, हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब के सदस्यों या भागीदारों अथवा बोर्ड के निदेशकों या भारसाधक व्यक्ति में किसी परिवर्तन की सूचना तुरन्त सचिव, केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड और रजिस्ट्रीकरण समिति, और अनुज्ञापन अधिकारी को दी जाएगी ।

(ख) रजिस्ट्रीकरण समिति यदि आवश्यक हो, आकड़ों की प्रमाणिकता सिद्ध करने के लिए "परीक्षण सुविधा" का निरीक्षण करने का निदेश दे सकेगी;

(2) उपनियम (3) और उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखे जाएंगे; अर्थात् :—

"(3) सदेय रजिस्ट्रीकरण फीस का संदाय लेखा अधिकारी, पौध संरक्षण, सगरोध और संचयन निदेशालय, फरीदाबाद, हरियाणा के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक, फरीदाबाद पर पर देय (मागदेय) ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा ।

(4) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र यथास्थिति प्ररूप 2 या प्ररूप 2-क में होगा और ऐसी शर्तों के अधीन होगा जो उसमें विनिर्दिष्ट की गई हैं।"

4 उक्त नियमों के नियम 6 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किए जाएंगे अर्थात् :—

6क. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति का जारी किया जाना—यदि रजिस्ट्रीकरण, प्रमाणपत्र की मूल प्रति विरूपित, क्षतिग्रस्त या गुम हो गई है, तो दूसरी प्रति के लिए पांच रुपये की फीस का संदाय किया जाएगा।"

5. उक्त नियमों के नियम 7 में :—

(i) उपनियम (1) में "लिखित रूप में" शब्दों के पश्चात् "प्रारूप 2-ख में दो प्रतियों में" शब्द, अंक और अक्षर अन्तःस्थापित किए जाएंगे ।

(ii) उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

(4) अपील करने के लिए सदेय फीस का संदाय लेखा अधिकारी, पौध संरक्षण, सगरोध और संचयन निदेशालय, फरीदाबाद, हरियाणा के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक, फरीदाबाद पर संदेय मांग देय ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा ।

6. उक्त नियमों के नियम 9 में, उपनियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उप नियम रखे जाएंगे, अर्थात् :—

(4) अनुज्ञापन अधिकारी, आवेदक को सुने जाने का उचित अवसर देने के पश्चात, अनुज्ञप्ति मंजूर करने से इन्कार कर सकेगा ।

(4क) कीटनाशी का विनिर्माण करने के लिए कोई अनुज्ञप्ति तब तक मंजूर नहीं की जाएगी जब तक कि अनुज्ञापन अधिकारी का यह समाधान नहीं हो जाता है कि आवश्यक संयंत्र और मशीनरी, सुरक्षा युक्तियां और प्राथमिक उपचार सुविधाएं आदि उस परिसर में विद्यमान है जहां कि कीटनाशी का विनिर्माण किया जाना प्रस्थापित है ।

7. उक्त नियमों के नियम 10 में—

(1) उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा अर्थात् :—

"(2) अनुज्ञप्ति प्रदान करने या उसके नवीकरण के लिए उप नियम (1) के अधीन संदेय फीस ऐसे प्रत्येक कीटनाशी के लिए जिसके लिए अनुज्ञप्ति का आवेदन किया गया है, अधिकतम तीन सौ रुपए के अधीन रहते हुए बीस रुपए होगी । यदि किसी कीटनाशी को एक से अधिक स्थानों पर विक्रय करने, स्टाक करने या प्रदर्शित करने की प्रस्थापना है तो प्रत्येक स्थान के लिए पृथक फीस होगी;

परन्तु घरेलू प्रयोजनों के लिए सामान्यतः उपयोग में लाए जाने वाले और उस रूप में रजिस्ट्रीकृत कीटनाशी की बाबत प्रत्येक स्थान के लिए अधिकतम फीस दस रुपए होगी ।

परन्तु यह और कि यदि विक्रय का स्थान ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित है तो फीस इस उपनियम में विनिर्दिष्ट फीस का पांचवां भाग होगी ।

(ii) उपनियम (2) में "ऐसा स्थान" शब्दों के पश्चात "और प्रत्येक कीटनाशी के लिए" शब्द जोड़े जाएंगे ।

(iii) उपनियम (4) में खंड (iii) और खंड (4) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"(iii) जहां अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति के चालू रहने के दौरान किसी अतिरिक्त कीटनाशी का विक्रय, स्टाक अथवा विक्रय या वितरण के लिए प्रदर्शन करना चाहता है वहां वह उपनियम (2) में विहित फीस का संदाय करके अनुज्ञप्ति पर आवश्यक पृष्ठांकन के लिए अनुज्ञापन अधिकारी को आवेदन कर सकेगा ।

(4) उपनियम (4) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

(4क) (1) संक्रियाएं करने या कीटनाशियों के विक्रय, स्टाक अथवा विक्रय या वितरण के लिये प्रदर्शन करने के लिए अनुज्ञप्ति की मंजूरी या नवीकरण के अपने आवेदन के साथ प्रत्येक व्यक्ति ऐसे प्रधान से एक प्रमाण-पत्र फाइल करेगा जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है या प्रतिनिधित्व करने की इच्छा करता है ।

(2) प्रधान द्वारा जारी किया गया, प्रमाणपत्र सम्बद्ध क्षेत्र के अनुज्ञापन अधिकारी को संबोधित किया जायेगा और उसमें प्रधान की पूर्ण विशिष्टियां समाविष्ट होंगी जिसके अन्तर्गत उनका रजिस्ट्रीकरण और विनिर्माण अनुज्ञप्ति संख्या, प्राधिकृत किये जाने के लिये प्रस्थापित व्यक्ति का पूरा नाम और पता और ऐसे विनिर्दिष्टियों के टाइप भी है, जिनका प्रयोग वाणिज्यिक नाशक जीव नियंत्रण संक्रियाओं में किया जायेगा और जिनका विक्रय, स्टाक अथवा विक्रय या वितरण के लिये प्रदर्शन किया जायेगा ।

(3) प्रमाणपत्र की मौलिकता या अन्यथा सत्यापित करने के लिये प्रधान उस राज्य के अनुज्ञापन अधिकारी को जहां वह अपने उत्पादों के विक्रय करने का आशय रखता है, प्रधान का प्रमाणपत्र जारी करने के लिये विहित रूप में प्राधिकृत व्यक्तियों के नमूने हस्ताक्षर या नमूने हस्ताक्षरों की पर्याप्त संख्या में प्रतियां भेजेगा ।

(4) प्रमाण के निलंबन, प्रतिसंहरण या रद्दकरण की दशा में, प्रधान उसकी सूचना अधिकारिता प्राप्त अनुज्ञापन अधिकारी को तुरन्त देगा ।"

(5) उपनियम (5) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जायेगा अर्थात् :—

"(5) अनुज्ञापन अधिकारी आवेदक को सुने जाने का उचित अवसर देने के पश्चात् अनुज्ञप्ति मंजूर करने से करने से इंकार कर सकेगा ।"

8. उक्त नियमों के नियम 10 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किये जायेंगे, अर्थात् :—

10क. अधिक्रान्त तारीख नाशक जीवनाशियों का पृथक्करण और व्ययन :

(क) अतिक्रान्त तारीख के तुरन्त पश्चात् ऐसे सभी स्टाकों को पृथक करने और उन पर यथास्थिति, "विक्रय के लिये नहीं" या "प्रयोग के लिये नहीं" या "विनिर्माण के लिये नहीं" का स्टाम्प लगाकर अनुज्ञप्ति-धारी द्वारा उन्हें ऐसे पृथक स्थान पर रखा जायेगा जो इस प्रयोजन के लिये विशेष रूप से अभ्यांकित किया गया हो और उस स्थान के सहज दृश्य भाग पर अधिक्रान्त तारीख कीटनाशी को एक घोषणा प्रदर्शित की जायेगी ।

(ख) ऐसी सभी स्टाकों का तत्पश्चात् ऐसी रीति से व्ययन किया जायेगा जो केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय कीट-नाशी बोर्ड के परामर्श से समय-समय पर विनिर्दिष्ट करें ।

10ख. सल्फर की बाबत विशेष उपबंध—

कीटनाशी सल्फर और उसकी विनिर्मितियों की बाबत सभी अनुज्ञप्तिधारी—

(क) उपहो चोरी रोकने के लिये समस्त पूर्वा-वधानियां बरतेंगे :

(ख) ऐसी किसी चोरी की रिपोर्ट तुरन्त निकटतम पुलिस अधिकारियों को करें; और

(ग) ऐसे सभी व्यक्तियों के नाम और पते जिन्हें कीटनाशी का विक्रय या वितरण किया गया है और विक्रीत या वितरित मात्रा को दर्शित करने वाला एक पृथक रजिस्टर रखेंगे।

10ग. कुछ स्थानों में कीटनाशियों के विक्रय या भंडारण करने के विरुद्ध प्रतिषेध कोई भी व्यक्ति, ऐसे भवन में जहां मनुष्यों या जीव जन्तुओं द्वारा उपभोज्य किसी पदार्थ का विनिर्माण भंडारण या विक्रय के लिये प्रदर्शन किया जाता है, किसी कीटनाशी का विनिर्माण, भंडारण या विक्रय के लिये प्रदर्शन नहीं करेगा अथवा विक्रय या भंडारण की अनुज्ञा नहीं देगा।

स्पष्टीकरण :—इस नियम की कोई बात ऐसे भवन में खरेलू कीटनाशियों के फुटकर विक्रय को लागू नहीं होगी जहां से मनुष्यों या जीव जन्तुओं द्वारा उपभोज्य अन्य पदार्थों का प्रायः विक्रय किया जाता है, परन्तु यह तब जब कि ऐसे खरेलू कीटनाशी उस रूप में रजिस्ट्रीकृत किये गये हैं और इन नियमों के अनुसार उन्हें पैक करके उन पर लेबल लगाया गया हो।"

9. उक्त नियमों के नियम 11 में :—

(i) खंड (क) और खंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"(क) इस अध्याय के अधीन जारी या नवीकृत की गई अनुज्ञप्ति जब तक कि वह पहले ही निलम्बित या रद्द न कर दी जाये, दो कलैण्डर वर्षों के लिये प्रवृत्त रहेगी;

परन्तु धारा 9 की उपधारा (3ख) के अधीन मंजूर किये गये अनंतिम रजिस्ट्रीकरण के आधार पर जारी की गई कीटनाशी विनिर्मित करने की अनुज्ञप्ति यदि कोई हो अनंतिम रजिस्ट्रीकरण के अवसान की तारीख को अवसित होगी :

परन्तु यह और कि नियम 9 के उपनियम (3) के खंड (iii) के अधीन या नियम 10 के उपनियम (4) के खंड (3) के अधीन या नियम 10क के उपनियम (3) के अधीन मुख्य अनुज्ञप्ति पर पृष्ठांकन द्वारा मंजूर की गई अनुज्ञप्ति मुख्य के साथ ही अवसित हो जायेगी या नवीकरणीय होगी।

(ख) अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिये आवेदन उसके अवसान के पूर्व किया जायेगा और यदि ऐसा आवेदन अवसान की तारीख के पश्चात किन्तु ऐसी तारीख के तीन मास के भीतर किया जाता है, तो नवीकरण के लिये आवेदन के साथ निम्नलिखित विलम्ब फीस संदत्त की जायेगी; अर्थात् :—

(i) कीटनाशियों का विनिर्माण करने या नाशकजीव नियंत्रण संक्रियाएं करने के लिये अनुज्ञप्ति की दशा में पहले मास या उसके भाग के लिये पचास रुपये, दूसरे मास या उसके भाग के लिये सौ रुपये और तीसरे मास या उसके भाग के लिये एक सौ रुपये;

(ii) किसी अन्य अनुज्ञप्ति की दशा में पहले मास या उसके भाग के लिये दस रुपये, दूसरे मास या उसके भाग के लिये बीस रुपये और तीसरे मास या उसके उसके भाग के लिये तीस रुपये ;

परन्तु जहां मुख्य नाशकजीव नियंत्रण संक्रिया एकक या विक्रय स्थान ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है वहां विलम्ब फीस उक्त विलम्ब फीस का पांचवां भाग होगी;

परन्तु यह और कि अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु या निःशक्तता की दशा में, अनुज्ञप्ति अधिकारी, कारणों को लेखबद्ध करने के पश्चात् आवेदक को विलम्ब फीस संदाय से छूट प्रदान कर सकेगा।

स्पष्टीकरण :—(1) जहां नवीकरण के लिये आवेदन अनुज्ञप्ति के अवसान के पूर्व किया जाता है और इंकार या नवीकरण का आदेश अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात किया जाता है वहां यह समझा जायेगा कि आवेदक उस पर अन्तिम आदेश की संसूचना की तारीख तक अवसित अनुज्ञप्ति के अनुसार कारबार चला रहा है।

(2) जहां नवीकरण के लिये आवेदन विलम्ब फीस के साथ अनुज्ञप्ति के अवसान के पश्चात् किया जाता है वहां यह समझा जाएगा कि आवेदक उस आवेदन पर (अवसान की तारीख से) अन्तिम आदेश की संसूचना की तारीख तक अवसित-अनुज्ञप्ति के अनुसार कारबार चला रहा है :

(ii) खंड (ग) में, "और यदि नवीकरण के लिये आवेदन उसके अवसान के पश्चात् एक मास के भीतर न दिया जाये तो वह अवसित हुई समझी जायेगी" शब्दों का लोप किया जायेगा ;

(iii) खंड (घ) में "और ऐसे इंकार पर ऐसे नवीकरण के लिये संदत्त फीस और शास्ति, यदि कोई है, आवेदक को वापस कर दी जायेगी" शब्दों के स्थान पर "लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से" शब्द रखे जाएंगे।

10. उक्त नियमों के नियम 13 में "अनुज्ञप्ति में फेरफार या संशोधन" शब्दों के पश्चात् निम्नलिखित शब्द अन्तःस्थापित किये जायेंगे, अर्थात् :—

"अपना यह समाधान करने के पश्चात् कि रजिस्ट्रीकरण समिति ने रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र का संशोधन कर दिया है, और"

11. उक्त नियमों के नियम 14 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जायेगा,

अर्थात् :—

"14 अनुज्ञप्ति का अन्तरण :—एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को अनुज्ञप्ति का अन्तरण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। दूसरा व्यक्ति अनुज्ञप्ति के लिए इन नियमों के उपबंधों के अनुसार नया आवेदन करेगा।"

12 उक्त नियमों के नियम 15 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

15. केश मेमो जारी करना और अभिलेख बनाए रखना

(1) कीटनाशियों का सभी विक्रय बिल या कैश मेमो से विधि के विहित प्ररूप में किया जाएगा।

(2) किसी अनुज्ञात विनिर्माता (बनाने वाला या पैकर) स्टाकधारी, वितरक, व्यौहारी, फुटकर व्यौहारी या थोक उपभोक्ता को किए गए कीटनाशियों के सभी विक्रयों को कीटनाशीवार प्ररूप 13 में एक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और वास्तविक उपभोक्ताओं को ऐसे सभी विक्रयों की राज्यवार एक मासिक विवरणी अनुज्ञापन अधिकारी को मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर प्ररूप 14 में भेजी जाएगी।

(3) कीटनाशी का प्रत्येक आयातकर्ता या विनिर्माता तकनीकी श्रेणी के कीटनाशियों के लिए प्ररूप 15 में और बनाई गई कीटनाशियों के लिए प्ररूप 16 में एक स्टाक रजिस्टर रखेगा।

(4) पूर्वगामी उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या उस द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति लिखित सूचना द्वारा, किसी आयातकर्ता या विनिर्माता या कीटनाशियों का संव्यवहार करने वाले किसी अन्य व्यक्ति से सूचना में विनिर्दिष्ट समय के भीतर कीटनाशियों या उसके किसी बैच की बाबत ऐसी जानकारी, जो वह आवश्यक समझे, जिसके अन्तर्गत ऐसे सभी व्यक्तियों की विशिष्टियां है जिनको वे विक्रीत या वितरित की गई है, देने की अपेक्षा कर सकेगा।

14. उक्त नियमों के नियम 16 में, "या वितरित करना" शब्दों के पश्चात् "या परिवहन कराना" शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

15. उक्त नियमों के नियम 17 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"17. कीटनाशियों को पैक करना.—(1) प्रत्येक पैकेज जिसमें कीटनाशी है इस टाईप का होगा जो रजिट्रीकरण समिति द्वारा अनुमोदित हो।

(2) किसी कीटनाशी को प्राथमिक पैकेज में रखने के पूर्व उसके प्रत्येक बैच का विश्लेषण, विनिर्माता के सुसंगत विनिर्देशों के अनुसार, विश्लेषण की अनुमोदित पद्धतियों द्वारा किया जाएगा और विश्लेषण का परिणाम, इस प्रयोजन के लिए रखे गए रजिस्टर में अभिलिखित किया जाएगा। यदि पैकेज में कोई कीटनाशी रखा जाता है तो यह उपधारणा की जाएगी कि वह, इस तथ्य के होते हुए भी कि इसे विक्रय योग्य बनाने के लिए और कार्यवाही करना अभी अपेक्षित है, विक्रय, वितरण या आशयित प्रयोग के लिए उपयुक्त और तैयार है।"

14. उक्त नियमों के नियम 18 को उसके उप-नियम (1) के रूप में पुनःसंख्याकित किया जाएगा और

(i) इस प्रकार पुनःसंख्याकित उपनियम (1) में खंड (च) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(छ) अन्तर्राष्ट्रीय मानक संगठन द्वारा अपनाया गया कीटनाशी का सामान्य नाम और जहां ऐसा कोई नाम अभी तक नहीं अपनाया गया है वहां ऐसा अन्य नाम जो रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा अनुमोदित किया जाए।"

(ii) इस प्रकार पुनःसंख्याकित उपनियम (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(2) रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा सम्यक् रूप से अनुमोदित और सचिव, रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा हस्ताक्षरित पुस्तिका की दो प्रतियां विनिर्माता को और एक प्रति राज्य अनुज्ञापन अधिकारी को वापस लौटाई जाएगी।

17. उक्त नियमों के नियम 19 में—

(1) उपनियम (1) में—

(क) खंड (ii) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) अन्तर्राष्ट्रीय मानक संगठन द्वारा अपनाया गया तकनीकी श्रेणी कीटनाशी का ब्राड या व्यापार नाम और सामान्य नाम और जहां ऐसा सामान्य नाम अपनाया नहीं गया है वहां ऐसा अन्य नाम जो रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा अनुमोदित किया जाए, प्रतिशतता (द्रव्यमान प्रति द्रव्यमान) में शुद्धता सहित उक्त सामान्य नाम बड़े अक्षरों में और चमकीले रंग से जो पृष्ठभूमि के रंग से भिन्न हो, लेबल के मुख्य भाग पर दिया जाएगा। अक्षरों का आकार किसी भी दशा में लेबल पर रंगित अक्षरों के अधिकतम आकार से कम नहीं होगा :

परन्तु यदि लेबल इस अपेक्षा के प्रवृत्त होने से पहले ही मुद्रित किया जा चुका है तो पूर्वोक्त सामान्य नाम वाला एक स्टीकर ऊपर उपबन्धित रीति से लेबल के साथ लगाया जाएगा।"

(ख) खंड (iv) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(iv) अन्य घटकों की प्रतिशतता सहित सक्रिय घटकों के द्रव्यमान प्रति द्रव्यमान नाम और प्रतिशतता और शुद्धताएं यदि कोई है, जैसाकि रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा लेबल पर विनिर्दिष्ट रूप से उल्लिखित करने के लिए कहा गया है;"

(ग) खंड (vii) के पश्चात् निम्नलिखित स्पष्टीकरण, अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"स्पष्टीकरण : यदि अवसान की तारीख, मास और वर्ष मे दी गई है तो इसका अभिप्राय यह होगा कि कीटनाशी अपनी प्रभावकारिता और सुरक्षा इस प्रकार वर्णित मास के अन्तिम दिन तक प्रतिधारित करेगा।

(घ) खंड (viii) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अन्तः स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

(ix) विनिर्माण की तारीख (यदि विनिर्माण का मास और वर्ष भी दिया जाना है तो यह पर्याप्त अनुपालन होगा।)

परन्तु बैच संख्यांक, विनिर्माण की तारीख और अवसान की तारीख अमिट स्याही के स्टाम्प द्वारा उत्कीर्णित की जाएगी;"

(ii) उप-नियम (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(1क) रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा अनुमोदित और सचिव रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा प्रति हस्ताक्षरित लेयल की दो प्रतियां विनिर्माता को और एक प्रति राज्य अनुज्ञापन अधिकारी को वापस लौटा दी जाएगी।"

15. उक्त नियमों के नियम 24 में उप-नियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) कीटनाशी का परीक्षण या विश्लेषण करने में यह पर्याप्त होगा कि कीटनाशी विश्लेषक ऐसे विनिर्देशों और नमूनों के परीक्षण की पद्धतियों का अनुपालन करता है जो रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा अनुमोदित है।"

16. उक्त नियमों के नियम 25 में, उपनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) कीटनाशी निरीक्षक से प्राप्त नमूनों के परीक्षण या विश्लेषण के लिए संदेय फीस भी वह होगी जो दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट है।

परन्तु केन्द्रीय सरकार, किसी विशिष्ट राज्य की असली कठिनाइयों पर विचार करने के पश्चात् उसे ऐसी अवधि के लिए, जो वह उचित समझे, फीस के संदाय से छूट दे सकेगी।"

17. नियम 37 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"37. चिकित्सीय -परीक्षा —(1) उन सभी व्यक्तियों की, जो कीटनाशियों के विनिर्माण/बनाने के दौरान उठाने-रखने/संव्यवहार के काम में लगाए गए हो या जो अन्यथा कीटनाशियों के संपर्क में आएं या जो संक्रिया के दौरान छिड़कने के लिए लगाए गए हों, नियोजन से पूर्व और विनिर्माण/बनाने वाले एककों में नियोजित व्यक्तियों के संबंध में कम से कम त्रैमासिक रूप से और अन्य मामलों में जिसके अन्तर्गत आपरेटर भी है, वार्षिक रूप से सेवा के दौरान चिकित्सीय परीक्षा ऐसे सक्षम चिकित्सक द्वारा की जाएगी जो ऐसे खतरों से परिचित हो, जिनका सामना ऐसे व्यक्तियों को करना पड़ता है ऐसे सभी व्यक्तियों की विशिष्टियां जिनके अन्तर्गत चिकित्सीय परीक्षा की विशिष्टियां भी है प्ररूप 17 में एक रजिस्टर में दर्ज की जाएंगी। जहां प्रयुक्त कीटनाशी कार्ब फास्फोरस सम्मिश्रण या कार्बमेट संमिश्रण वहां विनिर्माण एककों में कार्यरत व्यक्तियों के रक्त के कोलीनेस्टरेस स्तर को एक मास में कम से कम एक बार अवश्य मापा जाएगा। कार्ब क्लोरीन समूह के कीटनाशियों के निर्माण/बनाने वाले एकक में कार्यरत व्यक्तियों की दशा में रक्त अवशिष्ट का माप वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य किया जाएगा। नाशकजीव नियंत्रण आपरेटरों के साथ छिड़कने का काम करने वाले लोगों की दशा में कोलीनेस्टरेस स्तर (यदि वह कार्ब-फास्फोरस या कार्बमेट संमिश्रण साथ कार्य कर रहे हों) और रक्त अवशिष्ट (यदि वे कार्ब-क्लोरीन समूह के साथ कार्य कर रहे हो) का अनुमान उस समय किया जाएगा जब चिकित्सक द्वारा साधारण चिकित्सीय परीक्षण के भाग के रूप में इसको सलाह दी जाए।

(2) जिस व्यक्ति में विषाक्तता के लक्षण प्रकट होते हैं, इसकी तुरन्त परीक्षा की जाएगी और उसे उचित उपचार दिया जाएगा।"

18. उक्त नियमों की पहली अनुसूची में :—

(1) प्ररूप 1 के स्थान पर, निम्नलिखित प्ररूप रखा जाएगा, अर्थात् :—

प्ररूप 1

(नियम 6 देखिए)

कीटनाशियों के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन

1. (क) आवेदक का नाम, पता और प्रास्थिति

(ख) उद्योग का प्रवर्ग—एम. एस. आई./डी. जी. टी. डी./एम. आर. टी. पी./एफ. ई. आर. ए./अन्य।

2. उस परिसर का पता जहां विनिर्माण किया जाएगा।

3. उस कीटनाशी का, जिसको आवेदक आयात करने या विनिर्माण करने की प्रस्थापना करता है, सामान्य नाम और व्यापार-लाभ।

4. आवेदन आयात के लिए है या विनिर्माण के लिए।

(i) आयात की दशा में, कृपया निम्नलिखित का उल्लेख करें।

(क) विनिर्माता का नाम और पूरा पता

(ख) प्रदायकर्ता का नाम और पता यदि वह विनिर्माता द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत हो।

(ग) क्या उस देश में —

(1) जहां निर्माण किया जाना है।

(2) जहां से प्रदाय किया जाना प्रस्थापित है, कीटनाशी रजिस्ट्रीकृत है।

(ii) विनिर्माण की दशा में, कृपया निम्नलिखित का उल्लेख करें :—

यह कीटनाशी घरेलू उपभोग के लिए या निर्यात के लिए या दोनों के लिए आशयित है।

5. विनिर्माण की दशा में, तकनीकी श्रेणी सामग्री के प्रदाय के स्रोत और उसके रजिस्ट्रीकरण की प्रास्थिति।

रासायनिक संरचना :

6. (i) संक्रिय और अन्य संघटकों का प्रकार और नाम, और प्रत्येक की प्रतिशतता।

(ii) भण्डारण में स्थिरता (रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा विनिर्दिष्ट ब्यौरों के अनुसार)

(iii) निधानी आयु दावा।

7. उत्पादों का मनुष्यों, वन्य प्राणियों, जलीय प्राणियों के प्रति विषैलापन (रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा विनिर्दिष्ट ब्यौरों के अनुसार विषैलेपन से संबंधित आंकड़ें संलग्न किए जाने है) :

8. वे पादप-रोग, कीट और अन्य अनिष्टकर जन्तु और घासपात, जिनके विरुद्ध इसका प्रयोग किया जाना आशायित है। (कीटनाशी के जीव-प्रभावकारिता पर प्रकाशित/प्रमाणित रिपोर्ट रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा विनिर्दिष्ट ब्यौरों के अनुसार संलग्न की जानी है)।

9. भण्डाकरण और प्रयोग के लिए अनुदेश जिसमें प्राथमिक उपचार और पूर्वाविधानात्मक उपाय सम्मिलित हैं जो लेबल पर लिखे जाने के लिए प्रस्थापित है।

10(i) तकनीकी/सूत्रयोजित यौगिक (जैसा लागू हो) और उसके अवशिष्टों के लिए उत्पाद क्वालिटी और विश्लेषण की पद्धति के विनिर्देशों की 10 प्रतियां;

(2) उत्पाद-क्वालिटी के लिए विश्लेषण परीक्षण रिपोर्ट।

11. कीटनाशी नियम, 1971 के अनुसार प्रस्थापित लेबलों और पत्रकों की सात प्रतियां (इनमें वह सभी मुद्रित और ग्राफिक सामग्री सम्मिलित है जो इन पैकेजों के साथ होंगी, जिनमें कीटनाशी हैं)।

12. पैक करने की रीति।

13. जमा कराई गई फीस के ब्यौरे।

सत्यापन

मैं ..... सुपुत्र ..... सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हू कि आवेदन और उपाबन्ध तथा उनके साथ कथनों में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है।

मैं यह और घोषणा करता हूं कि मैं ..... के रूप में अपनी हैसियत में यह आवेदन कर रहा हूं और मैं यह आवेदन करने के लिए सक्षम हूं तथा ..... के आधार पर इसे सत्यापित करता हूं,

जिसकी एक फोटो/अनुप्रमाणित प्रति इसके साथ संलग्न है।

स्थान .....

तारीख .....

हस्ताक्षर

मुद्रा सहित

टिप्पण (i) आवेदन का प्ररूप, जिसमें सत्यापन का भाग भी है व्यक्ति की दशा में स्वयं व्यक्ति द्वारा या उसके द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा; हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब की दशा में, कर्ता द्वारा; भागीदारी फर्म की दशा में, किसी प्रबन्ध भागीदार द्वारा, कम्पनी की दशा में, उस निमित्त निदेशक बोर्ड द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा और किसी अन्य दशा में, कारबार के संचालन के भारसाधक या उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा अवश्य हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।

(ii) प्ररूप 2 के पश्चात् निम्नलिखित प्ररूप अंत:स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् —

प्ररूप 2क

(नियम 6 देखिए)

भारत सरकार

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

कीटनाशियों के अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र

ग प्रमाणित किया जाता है कि ..... कीटनाशी जारी किए जाने की तारीख से प्रभावी

दो वर्ष की अवधि के लिए उक्त व्यक्ति/उपक्रम के नाम में अन्तिम रूप से रजिस्ट्रीकृत किया गया है जिसकी विशिष्टियां नीचे विनिर्दिष्ट है —

1. व्यक्ति/उपक्रम का नाम :
2. पता :
3. रजिस्ट्रीकरण स. :
4. कीटनाशी का नाम :

   (कीटनाशी का ब्राड नाम या व्यापार नाम और रासायनिक नाम या व्यापार नाम और रासायनिक नाम, संरचना के ब्यौरे)

5. शर्तें, यदि कोई हों :
   (1)
   (2)
   (3)

हस्ताक्षर

नई दिल्ली, तारीख ..... 19.. ..... विभाग की मुद्रा

प्ररूप 2ख

(नियम 6 देखिए)

केन्द्रीय सरकार के कीटनाशी अधिनियम,

1968 की धारा 10 के अधीन अपील।

सेवा में,

सचिव,

कृषि मंत्रालय,
(कृषि और सहकारिता विभाग)
नई दिल्ली।

19..... की अपील स. .....

1. आवेदक का नाम और पता
2. विनिर्माण एकक का पता
3. कीटनाशी का नाम
4. आदेश की तारीख जिसके विरुद्ध अपील की गई
5. आदेश की संसूचना की तारीख
6. क्या अपील परिसीमाकाल के भीतर है
7. जमा की गई फीस की विशिष्टियां
8. वह अनुतोष जिसके लिए अपील में दावा किया गया है
9. पता जिस पर आवेदक को सूचना भेजी जा सकेगी।

हस्ताक्षर

(अपीलार्थी)

—तथ्यों का विवरण

—अपील के आधार

(पृथक पैरा में प्रत्येक आधार का उल्लेख करें और उसे संख्यांकित करें)

हस्ताक्षर

(अपीलार्थी)

सत्यापन

मैं, ...सुपुत्र श्री ..... अपीलार्थी, यह सत्यापित करता हूं कि ऊपर जो कुछ कथित किया गया है वह मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है।

तारीख : हस्ताक्षर

स्थान : (अपीलार्थी)

टिप्पण :

(1) अपील दो प्रतियों में की जानी चाहिए और उसके साथ उस आदेश की प्रति होनी चाहिए जिसके विरुद्ध अपील की गई है।

(2) अपील के प्ररूप, अपील के आधारों और सत्यापन के प्ररूप पर किसी व्यक्ति की दशा में स्वयं व्यक्ति द्वारा या उसके द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा, हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब की दशा में, कर्ता द्वारा भागीदारी फर्म की दशा में, प्रबंध भागीदार द्वारा; कम्पनी की दशा में उसके निदेशक बोर्ड द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा और किसी अन्य दशा में, कारबार के संचालन के भारसाधक या उसके लिए उत्तरदायी किसी व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए;

(iii) प्ररूप 3 के स्थान पर निम्नलिखित प्ररूप रखा जाएगा, अर्थात् :—

प्ररूप 3

(नियम 9 देखिए)

कीटनाशी के विनिर्माण के लिए

अनुज्ञप्ति की मंजूरी के लिए आवेदन

1. आवेदक का नाम, पता और प्राधिकृति :

2. उस परिसर का पता जहां विनिर्माण कार्य किया जाएगा ।

3. रजिस्ट्रीकरण संख्या और तारीख सहित उस कीटनाशी का नाम, जिसके विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति का (आवेदन किया गया है आवेदक द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की प्रतियां संलग्न करें)

कीटनाशीयों का नाम	रजिस्ट्रीकरण सं.	तारीख
1.		
2.		
3.		
4.		

4. क्या कोई रजिस्ट्रीकरण अनन्तिम है, यदि हां, तो विशिष्टियां दें :

5 पूर्वोक्त एकक में उल्लिखित कीटनाशी के विनिर्माण और परीक्षण से सम्बद्ध पूर्णकालिक विशेषज्ञ कर्मचारी वृन्द के ब्योरे :

नाम	अर्हता	अनुभव
1.		
2.		
3.		

6 क्या नियमों के अध्याय 8 के अधीन अपेक्षित सभी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। पृथक पत्रे पर पूर्ण ब्योरे दें :

7. जमा की गई फीस की विशिष्टियां

सत्यापन

मैं .....सुपुत्र श्री.....सत्य निष्ठापूर्वक यह सत्यापित करता हूं कि आवेदन और उसके साथ संलग्न उपाबंध और विवरणों में दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है।

मैं यह और घोषणा करता हूं कि मैं .....के रूप में अपनी हैसियत से यह आवेदन कर रहा हूं और यह कि मैं .....के आधार पर इस आवेदन को करने और उसे सत्यापित करने के लिए सक्षम हूं। जिसकी एक फोटो/अनुप्रमाणित प्रति इसके साथ संलग्न है।

स्थान : मुद्रा सहित हस्ताक्षर
तारीख :

(iv) प्ररूप 4 में,

(क) मद संख्या 3 के स्थान पर, निम्नलिखित मद रखी जाएगी, अर्थात् :—

"3. जमा की गई फीस की विशिष्टियां ;"

(ख) "तारीख" और "हस्ताक्षर" से संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

सत्यापन

मैं .....सुपुत्र श्री .....सत्य निष्ठापूर्वक यह सत्यापित करता हूं कि जो कुछ ऊपर कथित किया गया है वह मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है।

मैं यह और घोषणा करता हूं कि मैं पदाभिधान के रूप में अपनी हैसियत में यह आवेदन कर रहा हूं और यह कि मैं ..... के आधार पर आवेदन करने और उसे सत्यापित करने के लिए सक्षम हूं, जिसकी एक फोटो/अनुप्रमाणित प्रति इसके साथ संलग्न है।

स्थान : मुद्रा सहित हस्ताक्षर
तारीख :

(v) प्ररूप 5 में मद 3 के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यह तब जबकि ऐसे विक्रय कारखाने के परिसर से किए जाते हैं या उसमें उसका भण्डारकरण किया जाता है :

(vi) प्ररूप 6 में, मद 4 और 6 का लोप किया जाएगा।

(vii) प्ररूप 8 में,

(क) मद 3 का लोप कियाजाएगा;

(ख) शर्त संख्या 3 के स्थान पर निम्नलिखित शर्त रखी जाएगी, अर्थात् :—

"3. किसी भी कीटनाशी का विक्रय या वितरण ऐसे पैकेजों में किया जाएगा जो भारतीय मानक संस्था द्वारा समय-समय पर अनुमोदित किए जाते हैं या किए जाएं ;

3ख. यदि अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति के चालू रहने के दौरान किसी अतिरिक्त कीटनाशी का विक्रय, स्टाक या विक्रय या वितरण के लिए प्रदर्शन करना चाहता है तो वह विहित फीस के संदाय पर पृथक अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए अनुज्ञापन अधिकारी को आवेदन कर सकेगा :"

(viii) प्ररूप 13 के स्थान पर, निम्नलिखित प्ररूप रखे जाएंगे, अर्थात् :—

प्ररूप 13

(नियम 15 देखिए)

थोक उपभोक्ताओं को दिए गए विक्रयों का कीटनाशी रजिस्टर

क्रम सं.	तारीख	कीटनाशी का नाम उसकी प्रबलता और ब्रांड नाम	विनिर्माता का नाम	बैच सं.	अवसान की तारीख	पूरे पते सहित क्रेता का नाम	*क्रेत, की अनुज्ञप्ति सं.	विक्रीत मात्रा विक्रीत पैकों की आकार सं. मात्रा	टिप्पणियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

*थोक उपभोक्ता की दशा में आवेश की संख्या और तारीख दे ।

प्ररूप 14

(नियम 15 देखिए)

तारीख .....से तारीख .....19.... तक .....की अवधि के लिए

राज्य के थोक उपभोक्ताओं को किए गए कीटनाशियों के विक्रय की मासिक विवरणी

क्रम सं०	कीटनाशी का नाम उसके ब्रांड नाम, प्रबलता और सूत्रयोग के प्रकार सहित	किसके द्वारा विनिर्मित किया गया	बैच सं.	अवसान की तारीख	पूरे पते सहित क्रेता का नाम	*क्रेता की अनुज्ञप्ति सं.	पैक का आकार	विक्रीत पैकों से मात्रा की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9

हस्ताक्षर

सत्यापन

मैं, ...सत्यापित करता हूं कि ऊपर जो भी कथन किया गया है वह अभिलेख से प्राप्त जानकारी के आधार पर मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। मैं यह और घोषणा करता हूं कि मैं .....(पदाभिधान) के रूप में अपनी हैसियत में इस कथन को करने और उसे सत्यापित करने के लिए सक्षम हूं।

हस्ताक्षर .....
नाम
मुद्रा

*थोक उपभोक्ता की दशा में आदेश की संख्या और तारीख दें।

प्ररूप 15

(नियम 15 देखिए)

तकनीकी श्रेणी कीटनाशी का स्टाक रजिस्टर

तारीख	आरम्भिक अतिशेष	आयातित मात्रा	विनिर्मित मात्रा	कुल मात्रा (2+3+4)	विक्रीत मात्रा	सूत्रयोग के लिए उपयोग में लाई गई मात्रा	कुल मात्रा (6+7)	अन्त अतिशेष
1	2	3	4	5	6	7	8	9
			(मीट्रिक टनों में मात्रा)					

प्ररूप 16

(नियम 15 देखिए)

सूत्रयोजित कीटनाशी का स्टाक रजिस्टर .....

क्रम सं.	तकनीकी श्रेणी कीटनाशी का आरम्भिक अतिशेष	आयातित/क्रय किए गए/ अपवर्तित तकनीकी श्रेणी कीटनाशी	कुल तकनीकी श्रेणी कीटनाशी स्तम्भ (2+3)	विनिर्मित योग के लिए प्रयुक्त कुल तकनीकी श्रेणी कीटनाशी	तकनीकी श्रेणी कीटनाशी का अतिशेष (4+5)
1	2	3	4	5	6

विनिर्मित योगों का आरम्भिक अतिशेष	सुनियोजित/आयातित मात्रा	कुल विनिर्मित मात्रा (7+8)	विक्रीत मात्रा	अंत अतिशेष
7	8	9	10	11

"तीन प्रतियों में"

प्ररूप 17

(नियम 24 देखिए)

कीटनाशी विश्लेषक की रिपोर्ट

1 उस कीटनाशी निरीक्षक का नाम जिससे नमूने प्राप्त किए गए हैं ।

2 कीटनाशी निरीक्षक के ज्ञापन की क्रम संख्या और तारीख

3 नमूना संख्या

4 प्राप्ति की तारीख

5. नमूने में अन्तर्विष्ट तात्पर्यित कीटनाशी का नाम

पैकेज पर मुद्राओं की स्थिति यह बताए कि क्या

(1) नमूना भली प्रकार मुद्रा बंद और बंधा हुआ था

(2) मुद्रा साबुत थी और टूटी नहीं थी

(3) आधान पर नमूने के साथ आवेष्टक पर लगाई गई मुद्रा, मुद्रा के नमूने की उस छाप से मिलती है जो पृथक रूप से कीटनाशी निरीक्षक द्वारा भेजी गई है और

(4) नमूना विश्लेषण के लिए सही दशा में था ।

7 विश्लेषण की तारीख

8 परीक्षण के उन प्रोटोकोलों सहित जिनका अनुप्रयोग किया गया है परीक्षा या विश्लेषण के परिणाम ।

सत्यापन

मैं यह प्रमाणित करता हूं कि मैंने पूर्वोक्त वर्णित नमूने का विश्लेषण करा लिया है/विश्लेषण कर लिया है, और विश्लेषण के परिणाम की घोषणा पूर्वोक्त रूप से करता हूं ।

आज तारीख 19 को हस्ताक्षरित ।

(मुद्रा सहित कीटनाशी
विश्लेषक के हस्ताक्षर)

प्ररूप-18

(नियम 30 देखिए)

कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 21 (1) (घ) के अधीन किसी व्यक्ति के कब्जे में के स्टाक का व्ययनित न करने का आदेश

मेरे पास विश्वास करने के लिए कारण हैं, कि तुम्हारे कब्जे में -- --- के स्टाक को जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है, विनिर्मित विक्रय या प्रयोग करने में कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा या कीटनाशी नियम, 1971 की का उल्लंघन किया जा रहा है ।

मैं उक्त अधिनियम की धारा 21 (1) (घ) के अधीन तुम पर उक्त स्टाक का विनिर्माण, विक्रय या प्रयोग करने पर आज की तारीख से अवधि के लिए रोक लगाता हूं ।

तारीख/कीटनाशियों सूत्रयोग के स्टाक के ब्यौरे

1
2
3
4.
5
6

तारीख

कीटनाशी निरीक्षक
मुद्रा

प्ररूप-19

(नियम 32 देखिए)

अभिग्रहित कीटनाशियों की प्राप्ति का प्ररूप

कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा 21 (1) (घ) के अधीन अभिग्रहित कीटनाशी के स्टाक की रसीद ।

कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा 21 (1) (घ) के अधीन आज मेरे द्वारा ..... के परिसर से जो ..... में स्थित है कीटनाशी का स्टाक जिसका ब्यौरा नीचे दिया है, अभिग्रहित किया गया :

अभिग्रहीत कीटनाशी के ब्यौरे :—

(क)
(ख)
(ग)
(घ)

तारीख :

कीटनाशी निरीक्षक

(कार्यालय की मुद्रा)

प्ररूप 20

(नियम 33 देखिए)

व्यक्ति/अनुज्ञप्तिधारी को जिससे नमूना लिया गया है, सूचनापत्र

सेवा में,

.....

.....

.....

मैंने आज ..... परिसर, जो ..... में स्थित है, से नीचे विनिर्दिष्ट कीटनाशी के नमूने परीक्षण या विश्लेषण के लिए हैं ।

तारीख :

कीटनाशी निरीक्षक

लिए गए नमूनों के ब्यौरे

तारीख :

कीटनाशी निरीक्षक

प्ररूप 21

(नियम 34 देखिए)

सरकारी विश्लेषक को ज्ञापन

सेवा में,

.....

.....

सेवा में,

सरकारी विश्लेषक,

.....

नीचे वर्णित नमूने/प्राधान के अंश को कीटनाशी नियम, 1971 के नियम 34 के अधीन परीक्षण या विश्लेषण के लिए भेजा जा रहा है।

नमूने/प्राधान के अंश को निम्नलिखित चिन्ह से चिह्नांकित किया गया है :—

सम्बन्धित कीटनाशी के नाम के साथ नमूने या प्राधान के अंश के ब्यौरे

तारीख :

कीटनाशी निरीक्षक

(मुद्रा)

प्रारूप-22

(नियम 37 देखिए)

वर्ष 19·· ·····के लिए कीटनाशियों के संबंध में नियोजित व्यक्तियों और उनकी कालिक चिकित्सीय परीक्षा का ·· ·····रजिस्टर

क्रम सं ·····

नाम ·····

आयु ·····

पिता/पति का नाम ·····

पूरा पता ·····

लिंग ·····

पहचान चिन्ह ·····

नियुक्ति की तारीख ·····व्यवसाय : (कृपया कर्तव्य की प्रकृति विनिर्दिष्ट करें)

पूर्ववृत्तांत	1. भूतकाल		2. वर्तमान		
बीमारी	विषाक्तता	एलर्जी	कीटनाशियों के लिए उद्भासन (सम्मिश्रण)	वर्षों की सं.	मौसम टिप्पणियां यदि कोई हो।
1	2	3	4	5	6

कौटुम्बिक वृत्तांत एलर्जी	मनोवैज्ञानिक विकास	आय मोरहैजिक विकार
1	2	3

व्यक्तिगत वृत्तांत धूम्रपान	अल्कोहल	अन्य दवा
1	2	3

संप्रेक्षण

चिकित्सीय परीक्षा	नियोजन पूर्व परीक्षा	पहली तिमाही का अंत अर्थात् 3 मास के पश्चात्	दूसरी तिमाही के पश्चात् अर्थात् 6 मास पश्चात्	तीसरी तिमाही के पश्चात् अर्थात् 9 मास के पश्चात्	वर्ष का अंत	टिप्पणियां
1	2	3	4	5	6	7
1. साधारण परीक्षा						
साधारण शरीर क्रिया						
वजन						
नाड़ी						
रक्तचाप						
श्वसन						
अरक्तता						
शोथ						
पीलिया						
त्वचा दशा						
ज्वर						
क्लांतिशीलता						

1	2	3	4	5	6	7

स्वेदन
निद्रा
मूत्र

2 जठरांत्र
मचली
वमन
क्षुधा
स्वाद
उदर वेदना
आंत गति
जिगर
तिल्ली

3. हृदय श्वसन
नासा स्राव
घरघराहट
कफ
खांसी
छाती का खिंचाव
श्वसनरोध
धड़कन
हृदय
नीलिमता
अनियमितस्पंदन

4 चेपापेक्षीय
शिरोवेदना
घुमनी
चिड़चिड़ापन
वेदना
स्फुरण
कम्पन
ऐंठन
विकृतानुभूति
वृष्टि भ्रम
चेतनाहीन
गंभीर स्वत: क्रिया
उपरिष्ट स्वत: क्रिया
समन्वय

5. नेत्र
पुतली
अक्षुस्खलन
द्विदृष्टि
धुंधली दृष्टि

6 मनोविज्ञान संबंधी
स्वभाव
निर्णय
विक्षोभ

1	2	3	4	5	6	7

7. वृक्क

वृक्क दशा

8. अन्वेषण

रक्त एच बी प्रतिशत

रक्त डी सी

*सीरम कोलोनेस्टरेज

सीरम बिलीरुबिन

मूत्र नेबी परीक्षा

मूत्र सूक्ष्मदर्शीय

छाती का एक्सरे

*आर्गेनोफास्फोरस/कार्बामेट समूह के कीटनाशियों की दशा में सीरम कोलोनोस्टरेज स्तर का नापमान मासिक अंतरालों पर किया जाना चाहिए। उपर्युक्त परीक्षा को ध्यान में रखते हुए डाक्टर की साधारण टिप्पणियां

सलाह निम्नलिखित को दी गई :

1. रोगी

2. नियोजक :

डाक्टर की सलाह के अनुसार नियोजक द्वारा की गई कार्रवाई :
निम्नलिखित के हस्ताक्षर/नि. अंगूठा

1. डाक्टर

2. कर्मचारी :

3. नियोजक/विनिर्माता

4. निरीक्षण के समय अनुज्ञापन अधिकारी :

टिप्पण : आर्गेनोक्लोरीन समूह के कीटनाशियों में रक्त अवशेष प्राक्कलन एक वर्ष में एक बार किया जाना चाहिए।

22. उक्त नियमों की दूसरी अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची रखी जाएगी अर्थात् :—

"दूसरी अनुसूची

(नियम 25 देखिए)

कीटनाशियों के नमूनों के परीक्षण या विश्लेषण के लिए फीस

क्रम सं.	कीटनाशी का नाम	सूत्रयोग का टाइप	भारतीय मानक ब्यूरो के विनिर्देश अनुसार परीक्षण	परीक्षण प्रभार भार (रुपयों में)
1	2	3	4	5
क	कीटनाशी			
	1. ऐल्ड्रिन	तकनीकी	1306—1974	200.00
	2. ऐल्ड्रिन	धूलन चूर्ण	1308—1984	195.00
	3. ऐल्ड्रिन	पायसीकरणीय सांद्र	1307—1982	240.00
	4. ऐन्डोसल्फ	कैपसूल में कणिकाएं	9371—1980	320.00
	5. बी एच सी (एच सी एच)	तकनीक और परिष्कृत	560—1980	210.00
	6. बी एच सी (एच सी एच)	धूलन चूर्ण	561—1978	195.00
	7. बी एच सी (एच सी एच)	आर्द्रनीय चूर्ण	562—1978	220.00
	8. बी एच सी (गामा आइसोमर)	पायसीकरणीय सांद्र	632—1978	240.00
	9. कार्बोरिल	तकनीकी	7539—1975	240.00

1	2	3	4	5
10. कार्बोरिल		धूलन चूर्ण	7122--1984	195.00
11. कार्बोरिल		आर्द्रनीय चूर्ण	7124--1984	230.00
12. कार्बोरिल		कणिकाएं	9368--1980	270.00
13. कार्बोफ्यूरान		कैप्सूल में कणिकाएं	9360--1980	220.00
14. क्लोरडेन		तकनीकी	2863--1964	95.00
15. क्लोरडेन		धूलन चूर्ण	2864--1973	95.00
16. क्लोरडेन		पायसीकरण सांद्र	2682--1984	165.00
17. डी डी टी		तकनीकी	563--1973	130.00
18. डी डी टी		धूलन चूर्ण	564--1984	95.00
19. डी डी टी		आर्द्रनीय चूर्ण	565--1984	129.00
20. डी डी टी		पायसीकरणीय सांद्र	633--1985	140.00
21. डायजिनान		तकनीकी	1833--1980	110.00
22. डायजिनान		आर्द्रनीय चूर्ण	2862--1984	120.00
23. डायजिनान		पायसीकरणीय सांद्र	2861--1980	140.00
24. डायजिनान		कणिकाएं	9369--1980	170.00
25. डायक्लोरवोस		तकनीकी	4929--1978	210.00
26. डायक्लोरवोस		पायसीकरणीय सांद्र	5277--1978	205.00
27. डायमेथोएट		तकनीकी	3902--1975	210.00
28. डायमेथोएट		पायसीकरणीय सांद्र	3903--1984	240.00
29. एनडोसलफान		तकनीकी	4344--1978	110.00
30. एनडोसलफान		पायसीकरणीय सांद्र	4323--1980	140.00
31. एनडोसलफान		धूलन चूर्ण	4322--1967	95.00
32. एनडोसलफान		आर्द्रनीय चूर्ण	4324--1967	120.00
33. फेनीट्रोथियन		तकनीकी	5280--1969	120.00
34. फेनीट्रोथियन		धूलन चूर्ण	7126--1973	95.00
35. फेनीट्रोथियन		पायसीकरणीय सांद्र	5281--1979	105.00
36. फेनीट्रोथियन		कणिकाएं	9365--1980	170.00
37. फेनीट्रोथियन		तकनीकी	7950--1976	210.00
38. फेंथियन		पायसीकरणीय सांद्र	7948--1976	240.00
39. फेनथियन		कणिकाएं	9363--1980	280.00
40. फारमेथियन		पायसीकरणीय सांद्र	8026--1976	140.00
41. हैप्टाक्लोर		तकनीकी	6432--1972	110.00
42. हैप्टाक्लोर		धूलन चूर्ण	6429--1981	95.00
43. हैप्टाक्लोर		पायसीकरणीय सांद्र	6439--1975	140.00
44. लिन्डेन		तकनीकी	1592--1986	220.00
45. लिन्डेन		कणिकाएं	9370--1980	270.00
46. मैलथायान		तकनीकी	1832--1978	220.00
47. मैलथायान		धूलन चूर्ण	2568--1978	230.00
48. मैलथायान		आर्द्रनीय चूर्ण	2569--1978	255.00
49. मैलथायान		पायसीकरणीय सांद्र	2567--1978	205.00
50. मैथिल पैराथियन		तकनीकी	2570--1980	220.00
51. मैथिल पैराथियन		धूलन चूर्ण	8960--1978	95.00
52. मैथिल पैराथियन		पायसीकरणीय सांद्र	2865--1978	240.00
53. मैथिल पैराथियन		कणिकाएं	9372--1980	120.00
54. मोनोक्रोटोफोस		तकनीकी	8025--1983	175.00
55. मोनोक्रोटोफोस		विलेय द्रव	8074--1983	185.00
56. निकोटिन सल्फेट		घोल	1055--1984	60.00

1	2	3	4	5
57.	मार्कस डायमेटन मैथाइल	तकनीकी	8258—1976	100 00
58.	मार्कस डायमेटन मैथाइल	पायसीकरणीय सांद्र	8259—1976	140 00
59.	फेंथोएट	तकनीकी	8293—1979	120 00
60.	फेंथोएट	पायसीकरणीय सांद्र	8291—1976	140.00
61.	फोरेट	तकनीकी	7676—1976	120 00
62.	फोरेट	कैप्सूल में कणिकाएं	9359—1980	220 00
63.	फोसालोन	तकनीकी	8488—1977	210 00
64.	फोसालोन	पायसीकरणीय सांद्र	8487—1977	240 00
65.	फोसफामीडोन	तकनीकी	4938—1968	100.00
66.	फोसफामीडोन	विलेय द्रव	6177—1981	85 00
67.	प्रोपाक्सर	तकनीकी	8496—1977	120 00
68.	पाइरेथरम	पायसीकरणीय सांद्र	4808—1982	115.00
69.	पाइरेथरम	निष्कर्ष	1051—1988	85.00
70.	पाइरेथरम	डिस्मनाशी तेल	6014—1978	115 00
71.	क्यौनलफोस	तकनीकी	8072—1983	220.00
72.	क्यौनलफोस	धूलन चूर्ण	8029—1985	195 00
73	क्यौनलफोस	पायसीकरणीय सांद्र	8028—1976	250.00
73.	क्यौनलफोस	कणिकाएं	9366—1980	270.00
74.	थियोमीटोन	पायसीकरणीय सांद्र	3905—1966	140 00
75.	थियोमीटोन	सांद्र	3904—1966	120.00
76.	टेमीफोस	तकनीकी	8701—1978	210.00
77.	टेमीफोस	पायसीकरणीय सांद्र	8498—1977	240.00
78.	ट्राइक्लोरफान	तकनीकी	7943—1976	120.00
79.	ट्राइक्लोरफान	धूलन चूर्ण	7943—1976	95.00
80.	ट्राइक्लोरफान	कणिकाएं	9364—1980	170 00
(ख)	एकैरनाशी			
81.	डाइकोफोल	तकनीकी	5278—1969	100.00
82.	डाइकोफोल	पायसीकरणीय सांद्र	5279—1969	105.00
(ग)	कवकनाशी			
83.	कार्बेन्डाजिम (एम एम सी)	तकनीकी	8445—1977	200.00
84.	कार्बेन्डाजिम	आर्द्रनीय चूर्ण	8446—1977	220.00
85.	कोपर ऑक्सीक्लोराइड	तकनीकी	1486—1978	185 00
86.	कोपर ऑक्सीक्लोराइड	धूलन चूर्ण	1506—1977	95.00
87.	कोपर ऑक्सीक्लोराइड	आर्द्र चूर्ण	1507—1982	110 00
88.	कपूप्रस आक्साइड (कवकनाशी श्रेणी)	तकनीकी	1682—1971	125 00
89.	एडलोफेनफोस	तकनीकी	8954—1978	220.00
90.	एडलोफेनफोस	पायसीकरणीय सांद्र	8953—1978	240.00
91.	एथिल मरकरीक्लोराइड	तकनीकी	2354—1983	110 00
92	लाइम सलफर	घोल	1030—1984	135.00
93	मैंनकोजेब	तकनीकी	8707—1978	100.00
95	मैंनकोजेब	आर्द्रनीय चूर्ण	8709—1978	155 00
95	मैथोक्सी इथेल मरकरी क्लोराइड (एम ई एम सी)	बीज ड्रेसिंग	2358—1984	70.00
96	पैंटाक्लोरोनाइट्रेबेनजेन (क्विन्टोजेन)	तकनीकी	7985—1976	210.00
97	पैंटाक्लोरोनाइट्रेबेनजेन (क्विन्टोजेन)	धूलन चूर्ण	7944—1976	195.00
98	पैंटाक्लोरोनाइट्रेबेनजेन (क्विन्टोजेन)	आर्द्रनीय चूर्ण	7948—1976	220.00

1	2	3	4	5
99	फिनाइल मरकरी ऐसीटेट	तकनीकी	2126—1973	95.00
100	सलफर	घूलन चूर्ण	6444—1979	70.00
101	सलफर	आर्द्रनीय चूर्ण	3383—1983	130.00
102	थाइरम	तकनीकी	4328—1982	95.00
103	थाइरम	आर्द्रनीय चूर्ण	4766—1982	105.00
104	जाइनयब	तकनीकी	3998—1981	75.00
105	जाइनब	आर्द्रनीय चूर्ण	3899—1981	130.00
106	जाइरम	तकनीकी	3900—1975	75.00
107	जाइरम	आर्द्रनीय चूर्ण	3901—1975	105.00
(ब)	शाकनाशी			
108	एलाक्लोर	पायसीकरणीय सांद्र	9354—1980	240.00
109	एलाक्लोर	कणिकाएं	9361—1980	170.00
110	बूटाक्लोर	तकनीकी	9355—1980	210.00
111	बूटाक्लोर	पायसीकरणीय सांद्र	9356—1980	240.00
112	बूटाक्लोर	कणिकाएं	9962—1980	170.00
113	डालापोन	तकनीकी	8267—1976	180.00
114	डालापोन	आर्द्रनीय चूर्ण	8286—1976	170.00
115.	2,4-D	तकनीकी	4321—1978	130.00
116	डियारोन	तकनीकी	8702—1978	110.00
117.	डियारोन	आर्द्रनीय चूर्ण	8703—1978	120.00
118	फ्लू क्लोरालिन	तकनीकी	8958—1978	200.00
119	फ्लू क्लोरालिन	पायसीकरणीय सांद्र	8959—1978	240.00
120	एम सी पी ए	तकनीकी	8494—1977	135.00
121.	नाइट्रोफेन	तकनीकी	8956—1978	210.00
122	नाइट्रोफेन	पायसीकरणीयसांद्र	8957—1978	240.00
123	पैराकेट डाइक्लोराइड	साल्ट/म्यू घोल	8197—1977	200.00
124.	प्रोपेनिल	तकनीकी	8071—1976	200.00
125.	प्रोपेनिल	पायसीकरणीय सांद्र	8227—1976	205.00
126.	ट्रायलेट	तकनीकी	9557—1980	210.00
127.	ट्रायलेट	पायसीकरणीय सांद्र	9858—1980	240.00
(ङ)	वनस्पति वृद्धि विनियमक			
128.	क्लोरोमोकेट क्लोराइड	तकनीकी	8961—1978	135.00
(च)	धूमक			
129.	एलुमीनियम फोस्फाइड	टिकिया	6438—1980	60.00
130.	एथिलेन डाइब्रोमाइड	तकनीकी	1311—1966	95.00
131.	एथिलेन डाइक्लोराइड कार्बन ट्रेट्राक्लोराइड मिश्रण	(3 : 1, वी/वी)	634—1965	130.00
132	मिथाइल ब्रोमाइड	तकनीकी	1312—1980	85.00
133.	वारफेरिन	तकनीकी	5558—1970	185.00
134.	वारफेरिन	कंसंट्रेट	5540—1970	160.00
135.	वारफेरिन (सोडियम साल्ट)	तकनीकी	5551—1970	185.00
136.	वारफेरिन (सोडियम साल्ट)	घुलनशील द्रव	7168—1973	260.00
137.	जिंक फास्फाइड	तकनीकी	1251—1984	60.00

कीटनाशियों या उसकी विभिन्न विनिर्मितियों की बाबत जो इस अनुसूची में विनिर्दिष्ट है, परीक्षण या विश्लेषण के लिए फीस निम्न प्रकार होगी जब तक केन्द्रीय सरकार या समय समय पर, इस निमित्त प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए ।

1	तकनीकी श्रेणी	160.00 रु.
2	घुलन चूर्ण	125.00 रु.
3.	आर्द्रनीय चूर्ण	150.00 रु

4. पायमीकरणाय सांद्र	205.00 रु
5. कणिकाएं	225.00 रु.
6. अन्य विनिर्मितियां	210.00 रु.

[सं. 19-44/79-पी. पी. आई.]

इन्द्रजीत सिंह मन्ही, संयुक्त सचिव

टिप्पण :- मूल नियम भा.का.नि. सं. 1650 (अ) तारीख 30 अक्तूबर, 1971 द्वारा प्रकाशित किए गए और तत्पश्चात् भा.का.नि. सं. 471(अ) तारीख 24 जुलाई, 1976 और भा.का.नि. सं. 736 (अ) तारीख 9 दिसंबर, 1977 द्वारा उसका संशोधन किया गया।

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Agriculture and Cooperation)

NOTIFICATION

New Delhi, the 6th August, 1993

G.S.R. 533(E).—Whereas the draft rules further to amend the Insecticides Rules, 1971 were published as required by section 36 of the Insecticides Act, 1968 (46 of 1968), in the Gazette of India, Part II, Section 3, Sub-section (1), dated the 7th December, 1992, under the notification of the Government of India in the Ministry of Agriculture, Department of Agriculture and Cooperation, No. G.S.R. 915(E), dated the 7th December, 1992, for inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby, before the expiry of forty-five days from the date on which the copies of the said notification as published in the Gazette of India, were made available to the public;

And whereas copies of the said Gazette were made available to the public on the 26th February, 1993;

And whereas objections and suggestions received from the public on the said draft have been considered by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 36 of the Insecticides Act, 1968 (46 of 1968), the Central Government, after consultation with the Central Insecticides Board hereby makes the following rules, further to amend the insecticides Rules, 1971, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Insecticides (Amendment) Rules, 1993;

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Insecticides Rules, 1971 (hereinafter referrd to as the said rules), in rule 2,

(i) after the existing clause (a) the following clause (c) shall be inserted, namely :—

"(c) "expiry date" means the date that is mentioned on the container, label or wrapper against the column 'date of expiry';"

(ii) after so inserted clause (c), for clauses (d) and (e) the following clauses shall be substituted, namely :—

"(d) "form" means a form set out in the First Schedule;

(e) "laboratory" means the Central Insecticides Laboratory;"

